The prices of essential commodities

392. SHRI ISH DUTT YADAV: Will the PRIME MINISTER be pleased to state What are the names of commodities whose prices have been brought down by Government under public distribution system and the percentage to which it has been brought down?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI KAMALUDDIN AHMED): The Basic Ceiling Selling Price ex-storage point of kerosene for non-industrial use allotted to the State Governments/UT Administrations for distribution through PDS was reduced from Rs. 2446.16 per kl. to Rs. 2201.54 per kl. on 25-7-91, showing a fall of about 10 per cent.

भारतीय मानक ब्यूरो में कार्यरत सिस्टम साइंटिस्ट

393. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय मानक ब्यूरो में कार्यरत वैज्ञानिक संवर्ग (सिस्टम साइंटिस्ट) का वर्गवार ब्यौरा क्या है;

(ख) दिल्ली मुख्यालय में लगातार पिछले छह वर्षों से तैनात अधिकारियों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) किन-किन अधिकारियों से दिल्ली में स्थानांतरण हेतु जुलाई, 1989 में आवेदन प्राप्त हुए थे ;

(घ) अभी तक दिल्ली में स्थानान्तरित नहीं किये गये अधिकारियों का ब्यौरा क्या है तथा उसके क्या कारण हैं; और

(ङ) उन अधिकारियों का ब्यौरा क्या है जिन्हें पिछले तीन वर्षों के दौरान पिछले स्थान पर तीन वर्ष पूरे किये बिना ही एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित कर दिया गया है ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कमालुद्दीन अहमद) :(क) 27 अप्रैल 1992 को भारतीय मानक ब्यूरो के वैज्ञानिक संवर्ग में शामिल अधिकारियों का वर्गवार ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

	कर्मचारियों की मंजूर-शुदा संख्या	मौजूदा संख्या
अपर महानिदेशक	2	1
उप महानिदेशक	8	7
निदेशक (सलेक्शन ग्रेड/सिस्टम वैज्ञानिक-ई		25
निदेशक सिस्टम वैज्ञानिक-डी		67
संयुक्त निदेशक सिस्टम	569	565
वैज्ञानिक-सी		184
उप निदेशक सिस्टम वैज्ञानिक बी		144
सहायक निदेशक सिस्टम वैज्ञानिक-ए		145

चूंकि भारतीय मानक ब्यूरो में लोचदार अनुपूरण पद्धति (फलैक्सिबिल कम्पलीमेंटिंग सिस्टम) अपनाई जाती है, अतः निदेशक सलेक्शन ग्रेड/सिस्टम वैज्ञानिक-ई से लेकर सहायक निदेशक सिस्टम वैज्ञानिक ए तक विभिन्न वर्गों के लिए अलग से कर्मचारियों की कोई मंजूरशुदा संख्या नहीं है ।

(ख) उन अधिकारियों का ब्यौरा विवरण–I पर दिया गया है, जो लगातार पिछले छः साल से दिल्ली में तैनात हैं (नीचे देखिए)

(ग) श्री संजय गोस्वामी, सहायक निदेशक ।

(घ) शून्य ।

(ङ) ऐसे अधिकारियों का ब्यौरा विवरण–II पर दिया गया है ।